भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 933#
गुरुवार, 9 फरवरी, 2023/20 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हिमाचल प्रदेश में प्रसाद योजना

933#. सुश्री इंदु बाला गोस्वामीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसाद योजना के तहत हिमाचल के उन्ना जिले में माँ चिंतपूर्णी मंदिर के नए सिरे से निर्माण कार्य की मंजूरी दी गई है;

(ख) यदि हाँ तो उक्त निर्माण के लिए कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है;

(ग) क्या उक्त निर्माण के विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए निविदा जारी हो गई है; और

(घ) यदि हाँ, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : ऊना, हिमाचल प्रदेश के मां चिंतपूर्णी मंदिर के लिए प्रशाद योजना के अंतर्गत किसी परियोजना को अनुमोदित नहीं किया गया है ।

(ख) से (घ) : मंत्रालय द्वारा परियोजना को अनुमोदित किए जाने के बाद अपेक्षित भूमि के अधिग्रहण और निविदा प्रक्रिया की पूर्णता सहित परियोजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है ।

*****